## महिलाओं के उपचार में चिकित्सक बरत रहे लापरवाही

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में दुष्कर्म पीड़िता और गर्भवती महिलाओं के उपचार में लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद अस्पताल प्रबंधन दोषी डॉक्टरों को बचाने में जुटा है। हाल में प्रसव पीड़ा से परेशान गर्भवती को भगाने की घटना के बाद बीती रात दुष्कर्म पीड़िता के मुलाहिजे में लापरवाही के आरोप के बावजूद जिला अस्पताल प्रबंधन मामले की जांच की बात कह रहा है। गौरतलब है कि बीते 17 मई को जिला अस्पताल से प्रसव पीड़ा के दौरान रेलवे क्षेत्र की महिला को अटेण्डर नहीं होने पर भगा दिया गया था। मामले में जिला अस्पताल की डॉक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। घटना के पूर्व सरकण्डा क्षेत्र की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के उपचार और मुलाहिजे को लेकर भी लापरवाही की शिकायत सामने आई थी। इस दौरान महिला चिकित्सक ने दुष्कर्म पीड़िता के मुलाहिजे से इनकार कर दिया था। बताया जाता है कि पीड़िता के मुलाहिजे और उपचार को लेकर महिला चिकित्सक ने और भी लापरवाहियां बरती है। बीती रात सिरगिट्टी पुलिस नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को डॉक्टरी मुलाहिजे के लिए लेकर आई थी। इस दौरान ड्यूटी शिफ्ट को लेकर गायनिक वार्ड के दो डॉक्टरों ने नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को घंटो अस्पताल में बिठा रखा था। दुष्कर्म पीड़िता के मुलाहिजे में लापरवाही सामने आने के बावजूद जिला अस्पताल प्रबंधन अब तक दोषी डॉक्टर को बचा रहा है।

## अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की छग ईकाई का गठन

**रायपुर।** शिशुपाल शोरी संयोजक अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद द्वारा जानकारी दी गयी है कि परिषद के अध्यक्ष सोमजी भाई डामोर के निर्देश पर दिनांक 17/06/2017 को रायपुर स्थित वृन्दावन हाल में छत्तीसगढ़ ईकाई का गठन किया गया। बैठक में आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता बोधराम कंवर, श्रीमती गंगा पोटाई, विधायकगण मोहन मरकाम, लखेश्वर बघेल, श्रीमती अनिला भेड़िया, श्रीमती तेजकुंवर नेताम सहित विभिन्न जिलों से सैकड़ों की तादात में आदिवासी प्रतिनिधि उपस्थित हुये थे। बैठक में सर्वसम्मति से तदर्थ कारिणी का गठन किया गया जिसमें डॉ. प्रेमसाय सिंह को अध्यक्ष, लखेश्वर बघेल विधायक बस्तर को उपाध्यक्ष, श्रीमती अकदा ठाकुर को उपाध्यक्ष, आनंद टोप्पो को महासचिव, रतिराम कोसमा को सचिव, पी.आर. ठाकुर को कोषाध्यक्ष एवं सुराजकुमारी दीवान को सदस्य मनोनीत किया गया। नवनियुक्त परिषद को अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह द्वारा एक माह के अंदर पूर्ण बाडी बनाने का संकल्प लिया गया ताकि आदिवासी आंदोलन को गति प्रदान किया जा सके।

## राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर 27 फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने जिले में सुबह से शाम तक समस्त थाना प्रभारीगणो ने बाईक पेट्रोलिंग, थाना पेट्रोलिंग एवं थाने के बल को लगाकर फरार वारंटियो के विरूद्ध अभियान चलाया गया इस दौरान 13 गिरफ्तारी वारण्टी एवं 14 स्थाई वारंटी कुल 27 फरार वारंटियो को गिरफ्तार किया गया जो वारंटियो को गिरफ्तार किए गए उनमे नकबजनी, चोरी, चाकुबाज, छेड़खानी, मारपीट, आबकारी एक्ट, जुआ, सट्टा, वाहन एक्सीडेण्ट के फरार आरोपियो के साथ ही थाना सिविल लाईन मे 03, अभनपुर मे 03, गंज मे 02, पण्डरी मे 02, उरला मे 02, खमतराई मे 02, गुढ़ियारी मे 02, कोतवाली 01, मौदहापारा 01, तेलीबांधा 01, आजाद चौक 01, आमानाका 01, कबीरनगर 01, डीडीनगर 01, टिकरापारा 01, राजेंद्रनगर 01, धरसीवा 01 व माना मे 01 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार वारंटियो मे कुछ 5-6 साल से फरार चल रहे थे उन्हे भी गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त किया गया है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## किशोरी से अनाचार, 7 साल कैद

**महासमुंद।** पुलिस चौकी भंवरपुर अंतर्गत एक गांव की एक नाबालिग के साथ अनाचार के मामले में सरायपाली अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश मानवेंद्र सिंह ने बुधवार को अभियुक्त को 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन सूत्रों के अनुसार 8 जुलाई 2016 को पीड़िता के पिता ने पुलिस चौकी भंवरपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि, दो माह पूर्व से वह राजमिस्त्री कार्य करने के लिए जम्मू-कश्मीर गया था। इस दौरान 28 जून 2016 को उनकी माता का फोन आया, बताया गया कि गांव के ही टुकेश्वर साहू पिता रामप्यारी साहू ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर उसके साथ अनाचार किया है। जम्मू-कश्मीर से लौटकर उसने पुलिस में शिकायत की। थाना बसना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अभियुक्त टुकेश्वर साहू को भादवि की धारा 376 के आरोप में 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपए अर्थदंड, धारा 450 में 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपए अर्थदंड, बाल अपराध सुरक्षा कानून (यौन शोषण) की धारा 4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

## बूढ़ातालाब हमारी सांस्कृतिक धरोहर है - छाया वर्मा

**रायपुर।** बूढ़ातालाब का व्यवसायिक संस्थान की तरह विकसित किये जाने और चौपाटी बनाये जाने का विरोध तीव्र होता जा रहा है। आज सुबह राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा एवं महापौर प्रमोद दुबे के साथ प्रबुद्ध नागरिकों ने तालाब और गार्डन का मुआयना किया। इस दौरान छाया वर्मा ने कहा कि प्रदेश की प्राचीन और सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखेंगी । सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल प्रशांत ठेंगड़ी, धवल तिवारी और राजा भट्टर ने उत्ताशय की जानकारी देते हुए बताया की बुढागार्डन में रेस्टारेंट, तालाब में फ्लोटिंग रेस्टारेंट, मीटिंग हाल और चौपाटी बनाये जाने के पर्यटन बोर्ड के निर्णय के खिलाफशहर में जनमत खड़ा हो गया है । शहर की जनता प्रदेश की इस

**तालाब बचाने की मुहिम जोर पकडने लगी -कन्हैया चौपाटी बनाने की अनुमति किसी हाल में नहीं देंगे - प्रमोद दुबे**

ऐतिहासिक और प्राचीन धरोहर को बचाने के साथ ही पानी की सफाई और तालाब को पुरातत्व की दृष्टि से विकसित होते देखना चाहती है। हम सब तालाब के सौंर्यीकरण या विकास के विरोधी नहीं है विरोध है तो सिर्फ विकास के नाम पर शहर के पर्यावरण को तालाब को समाप्त करने के प्रयास का है। बुढ्ढार्डन की दुर्दशा और तालाब की दीवार तोड़कर तालाब में डाली जा रही मिट्टी का अवलोकन करते हुए छाया वर्मा ने गहरी नाराजगी जाहिर की । उन्होंने कहा कि शहर की इस धरोहर को किसी कीमत पर समाप्त नहीं दिया जाएगा, तालाब के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं थी जाएगी । उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और प्रदेश के मुख्यमंत्री से तालाब में हो रहे निर्माण को रोकने पत्र लिखा जाएगा। मौके पर उपस्थित महापौर प्रमोद दुबे ने तालाब में जारी निर्माण को अवैधानिक बताते हुए कहा कि परिक्रमा पथ में चौपाटी निर्माण किसी भी हालत में नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर गार्डन में चौपाल के आयोजक पुष्पेंद्र परिहार ,शैलेश नितिन त्रिवेदी, मनोज कंदोई ,अरुण भद्रा , दिलीप अग्रवाल, सुनीता शर्मा, साक्षी सिरमौर, नागेंद्र वोरा,अजय क्षत्रे, जय सोनकर, अमित शर्मा, सारिक रईस खान, बंशी कन्नौजे,ओम श्रीवास ,अनुराग राठी,दयामणि पांडे,अमिताभ घोष , सत्यनारायण नायक, आशा चौहान , कल्याण सिंह, सतीश ठाकुर,हरीश तिवारी, सतीश दीवान सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे ।

## बुआई से मना करने पर पिटाई

**महासमुंद।** भंवरपुर चौकी क्षेत्र के सलखंड में खेत में बुआई से मना करने की बात पर युवक की पांच लोगों ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 147, 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जून सुबह 8 बजे सलखंड बसना निवासी लखे सिंह बाघ पिता नीलम बाघ (43) अपना खेत देखने गया हुआ था। इसी दौरान देखा कि टुकेश्वर बाघ, पद्मावती, नंदकुमार मिर्धा, गोविंद, सोविंद मिर्धा, पुसऊ एवं आशाराम नान्हू खेत में बुआई कर रहे थे मना करने पर आरोपियों ने एक राय होकर लखेसिंग की जमकर पिटाई कर दी।

## जनपद सदस्य पति पर वसूली का आरोप

**कोरबा।** जनपद पंचायत पाली के एक जनपद सदस्य पर सरपंचों ने अवैध वसूली व धमकाने का आरोप लगा थाने में लिखित शिकायत की है। ग्राम पंचायत केराझरिया, धुकुपथरा व बुड़बुड़ के सरपंचों ने जनपद सदस्य नीता डिक्सेना के पति कामता प्रसाद जायसवाल के खिलाफ थाने में शिकायत की गई है। सरपंच सत्यनारायण पैकराए चंदन कुंवर व संतोषी बिंझवार ने शिकायत में कहा है कि पैसे की मांग को लेकर कामता प्रसाद धमकाता है।

## युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**रायपुर।** विजय नगर तेलीबांधा में 5 युवकों ने एक युवक को घुमाने के बहाने सुनसान जगह में ले जाकर उसके साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गगन दीप सिंह पिता रंजीत सिंह 29 वर्ष विजय नगर तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि 16 जून के सुबह शांतिनगर भिलाई निवासी आरोपी परमजीत सिंह अपने 4 अन्य साथियों के साथ टाटा सफारी वाहन से प्रार्थी के घर आया और चलो घुमने चलते है कहते हुए प्रार्थी को वाहन में बिठाकर आरंग के तरफ ले जाकर उसके साथ मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 342, 294, 506बी,323,34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## एटीएम कार्ड का पिन नंबर पूछकर महिला के खाते से निकाले 46498 रूपए

**रायपुर।** एटीएम कार्ड बंद होने का झांसा देकर एटीएम कार्ड का नंबर लेकर महिला के खाते से 46498 रूपए निकालने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तारणी कुमार गुप्ता पिता सुखई प्रसाद गुप्ता 38 वर्ष छोटापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि 14 जून की रात प्रार्थी के पास अज्ञात मोबाईल नंबर क्रमांक 88770-24854 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने अपने आप को बैंक कर्मचारी बताया और प्रार्थी से कहा कि आपकी पत्नी कुशुम गुप्ता का एटीएम कार्ड बंद हो रहा है। जिसे चालू रखने के लिए एटीएम कार्ड का नंबर व आधार नंबर बताओ। जिससे प्रार्थी आरोपी के बातों में आ गया और एटीएम कार्ड व आधार कार्ड का नंबर दे दिया। जिसके बाद आरोपी ने 6 बार में कुल 46498 रूपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## पुत्री से मारपीट, मामला दर्ज

**रायपुर।** लड़ाई करने से मना करने पर एक व्यक्ति ने अपनी ही पुत्री से मारपीट कर उसके दोस्त के हाथ पर हसिया से मारकर चोट पहुंचाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुमारी साक्षी सिंह शर्मा पिता उमेश सिंह शर्मा 20 वर्ष लोधीपारा पंडरी की रहने वाली है। बताया जाता है कि 16 जून की रात प्रार्थिया के पिता उमेश सिंह अपने ससुर से लड़ाई कर रहा था। जिससे प्रार्थिया ने बीच बचाव किया तो आरोपी ने प्रार्थिया से मारपीट किया। वहीं उसके दोस्त एल.कुमार स्वामी के हाथ पर हसिया से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**रायपुर।** रिंगरोड 1 भाठागांव सिद्धेश्वरी मंदिर के पास ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक की मौत हो गई। सूचना पर पुरानी बस्ती पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक देवराज सिंह यादव पिता बुट्टूराम यादव 33 वर्ष सरोना का रहने वाला था। मृतक कल तड़के अपनी ऑटो क्रमांक सीजी 04 एलई 0878 से जा रहा था तभी रिंग रोड नंबर 1 भाठागांव स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर के पास अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ऑटो को टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुरानी बस्ती पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## यूनाइटेड हेल्थ क्लब बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन करेगा 25 को



**रायपुर।** रायपुर जिला बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन एवं यूनाइटेड हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वन विभाग पंडरी खेल मैदान में बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन 25 जून को शाम 4 बजे आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को जूनियर मिस्टर रायपुर बाडी बिल्डिंग एवं सीनियर प्रतियोगी को फिजिक सीनियर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 17 वर्ष से कम उम्र के बाल बालिका भाग लेंगे। बेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 21 वर्ष से कम उम्र के प्रतियोगी भाग लेंगे। यह जानकारी हेल्थ क्लब के महासचिव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## सरायपाली में नक्सली बैनर-पर्चे मिले, क्षेत्र में दहशत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के एनएच-53 पर आज सुबह छुईपाली के पास नक्सली बैनर व पर्चे मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने बैनर-पोस्टर जब्त कर ली है और डीआरजीए सरायपाली बलौदा पुलिस ने क्षेत्र में सर्चिंग तेज कर दी है। जानकारी के मुताबिक एनएच 53 पर स्थित ग्राम चट्टीगिरोला-छुईपाली के बीच आज सुबह लगभग 8-10 नक्सली बैनर और पर्चे ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नक्सली बैनर व पर्चे अपने कब्जे में लेते हुए जांच व सर्चिंग तेज कर दी है। बैनर में किसानों की कर्जमाफी का

**बैनर पर्चे में किसानों की आत्महत्या का जिक्र**

उल्लेख तथा सरकार की गलत नीतियों से किसानों की आत्महत्या का जिक्र भी है। माओवादियों ने सरकार को किसानों का विरोधी बताया है साथ ही मंदसौर मामले में विरोध करने की अपील भी की है। बेनर व पर्चे में माओवादी बीबीएम कमेटी लिखा हुआ है। गौरतलब है कि वर्ष 2010 में नक्सली मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में हलचल पूरी तरह नहीं के समान हो गई थी। लेकिन पिछले कुछ महीनों से माओवादियों की बीबीएम कमेटी की सक्रियता की खबर मिल रही है, पखवाड़े भर पूर्व 28 मई की मध्य रात्रि गेर्रा समिति तेंदूपत्ता फड़ में पहुंचकर हाथियारबंद नक्सलियों ने आग लगा दी थी जिससे लाखों रूपए का तेंदूपत्ता जलकर खाक हो गया था। जिस स्थान पर आज बैनर और पोस्टर मिले हैं वह शहर से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिससे माओवादियों का शहरी क्षेत्र में घुसपैठ का आंकलन किया जा रहा है।

> छुईपाली के पास आज सुबह नक्सली बैनर-पर्चे बरामद किए गए हैं जिसमें किसानों की कर्जमाफी का उल्लेख है। क्षेत्र में सर्चिंग तेज कर दी गई है।
> राकेश भट्ट
> एएसपी, महासमुंद

## बाल्को संयंत्र में किया चक्काजाम

**कोरबा।** बीसीपीपी बंद होने से निकाल गए ठेका मजदूरों ने बाल्को के मटेरियल व दो कोयला गेट में चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कोई भी वाहन न तो संयंत्र के अंदर जा सका और न ही बाहर निकल सका। दिन भरे चले आंदोलन के बाद प्रशासन के हस्तक्षेप बाद प्रबंधन ने वार्ता की। प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि निलंबित किए गए तीन कामगारों को वापस रखा जाएगा। बीसीपीपी कर्मियों को सोमवार तक उच्च प्रबंधन से वार्ता कर काम पर रखा जाएगा। बाल्को प्रबंधन ने दिसंबर माह में बीसीपीपी प्लांट बंद कर कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। आंदोलन के बाद बाल्को में नौकरी देने का आश्वासन दिया, पर कुछ ही कर्मियों को कार्य पर रखा। शेष कर्मी अब तक नौकरी के लिए भटक रहे हैं। काम में रखे गए कर्मियों को भी निलंबित किए जाने से सभी कर्मियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। बीएमएस संविदा मजदूर संघ के बैनर तले कर्मी लगातार धरना दे रहे हैं। प्रबंधन के ध्यान नहीं दिए जाने पर नाराज आंदोलनकारियों ने शनिवार को बाल्को संयंत्र के मटेरियल गेट तथा दो कोयला गेट में चक्काजाम कर दिया। इससे संयंत्र के कोयला अनलोड करने न तो ट्रक प्रवेश कर सका और न ही हॉट मेटल लेकर ट्रक बाहर निकल सके। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ आंदोलन दिन भर चलने पर प्रबंधन ने प्रशासन व पुलिस बुला लिया। शाम पांच बजे प्रशासन की उपस्थिति में प्रबंधन ने वार्ता की। इस दौरान प्रबंधन ने निलंबित किए गए तीन कर्मी सुलेमान तांडी, गौरीशंकर तथा राजेंद्र को एक सप्ताह के भीतर वापस काम पर रखने का आश्वासन दिया। इसी तरह बीसीपीपी से निकाले गए 65 कर्मियों को काम पर रखने के लिए उच्च प्रबंधन से चर्चा की जाएगी। सोमवार तक सभी कर्मियों को काम पर रखे जाने के संदर्भ में वास्तविकता से अवगत करा दिया जाएगा। शेष मांग भी जल्द पूरा करने प्रबंधन गंभीर है। वार्ता उपरांत आंदोलनकारियों ने चक्काजाम स्थगित करते हुए कहा कि यदि समस्या का जल्द निराकरण नहीं किया जाता है तो पुनः उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर प्रशासन की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट गजेंद्रसिंह ठाकुर, तहसीलदार तुलाराम भारद्वाज, सीएसपी सुखनंदन राठौर, बाल्को टीआई यदुमणी सिदार, संविदा मजदूर संघ की ओर से हेतराम कर्ष, कंचन दास, सुलेमान तांडी समेत काफ ी संख्या में बीसीपीपी कर्मी उपस्थित रहे। इसी कड़ी में बाल्को प्रबंधन ने बीसीपीपी कर्मियों को काम पर रखने का आश्वासन दिया था, पर काम में नहीं रखने पर पीएमओ व सीएम के समक्ष शिकायत की गई। दोनों स्थान से निर्देश मिलने पर प्रबंधन ने पहले नौकरी देने पर सहमति जताई, पर बाद में वायदे से मुकर गया। इससे मजदूरों में काफी नाराजगी है।

## स्टेशन में दलालों की सक्रियता से यात्रियों को टिकिट लेने में हो रही परेशान

**भिलाई।** पावर हाउस रेलवे स्टेशन में स्थित आरक्षण टिकिट बुकिंग काउंटर में दलालों की सक्रियता के चलते यात्रियों को विभिन्न दिशाओं में जाने वाली सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेनों में आरक्षण कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुकिंग काउंटर की खिड़की खुलने से पहले ही पहले ही दलालों की भीड़ काउंटर पर जमा हो जाती है और अधिक से अधिक संख्या में विभिन्न ट्रेनों में आरक्षण अधिक से अधिक संख्या में कराने से बाकी बचे यात्रियों को आरक्षण सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता । जीआरपी जवानों की उपस्थिति में बुकिंग काउंटर क्लर्क एवं दलालों की मिलीभगत के चलते यह गोरखधंधा लंबे अर्से से चल रहा है। जिम्मेदार रेलवे के अधिकारियों द्वारा आरक्षण काउंटर में पदस्थ लिपिक के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने से दलालों के हौसले बुलंद है। यात्रियों द्वारा आपत्ति करने पर दलाल दुव्यर्वहार करते है। ऐसा ही एक नजारा आज सुबह आरक्षण काउंटर पर यात्रियों को देखने मिला जब यात्रियों से दलाल जमकर लड़ाई करने लगा । स्थिति इतनी बिगड़ी की यात्रियों को दलाल को धमकाना पड़ा। डयूटी के समय स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर जीआरपी जवान की डयूटी लगने के बावजूद भी वहां पर नहीं होना किसी दिन दलालों और यात्रियों के बीच होने वाली भीषण लड़ाई को जन्म दे सकता है यह विचार भिलाई रायपुर से रोज अप डाउन करने वाले सिद्धार्थ शुक्ला सुंदरनगर ने व्यक्त किया।

## ट्रक चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** माना पुलिस ने ट्रक चोरी करने वाले युवक को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ट्रक बरामद किया है। माना थाना से मिली जानकारी के अनुसार एक हफ्ता पहले ग्राम टेमरी निवासी प्रार्थी लेखराम साहू ने माना थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाया था। कि उसकी ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 8873 को अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। चोरी की शिकायत पर माना थाना पुलिस ने टोलनाका में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि आरोपी ट्रक लेकर वहां से गुजरा है। इसी तरह पुलिस रास्ते में पड़ने वाले सभी टोलनाके का फुटेज देखते हुए पश्चिम बंगाल के ग्राम डिबावाड़ा थाना सतालडीह पहुंचा। जहां पुलिस ने आरोपी सिबु मोदक पिता तपन मोदक 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ट्रक बरामद कर लिया है।

## शादी का प्रलोभर देकर दुष्कर्म, 10 साल की जेल

**जगदलपुर।** शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाले 21 वर्षीय गणबेंगाल निवासी वीरेंद्र वड्डे को विशेष न्यायाधीश ने 10 साल की सश्रम कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर 2 महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। युवती कुकुर नदी में ईंट बनाने का काम करती थी। यहीं आरोपी उससे मिलने आता था। इस बीच उसने शादी का प्रलोभन देकर उससे शारीरिक संबंध बना लिया। इससे युवती गर्भवती हो गई। युवती के शादी करने की बात कहने पर आरोपी ने उसे दूसरी जाति का बताते हुए शादी करने से इंकार कर दिया। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया था।